श्री राम की तू जपले रे माला मिलेंगे तुझे हनुमाना

श्री राम की तू जपले रे माला,
मिलेंगे तुझे हनुमाना,
प्रभु राम की तू जपले रे माला,
मिलेंगे तुझे हनुमाना,
मिलेंगे तुझे हनुमाना,
श्री राम की तु जपले रे माला,
मिलेंगे तुझे हनुमाना।**bd।**

तर्ज – राधे राधे की जपले तू।

राम के काज ये हरपल बनाए,
राम चरण रज हनुमत को भाए,
राम के नाम का पीते है प्याला,
श्री राम की तु जपले रे माला,
मिलेंगे तुझे हनुमाना।**bd।**

लांघा समुन्दर और सिया सुधि लाए,
बूटी ला लक्ष्मण के प्राण बचाए,
राम भगत ये बड़ा मतवाला,
मेरे राम की तु जपले रे माला,
मिलेंगे तुझे हनुमाना।**bd।**

रावण की लंका में आग लगाई,
राम की महिमा तो सबकी बताई,
भक्तो के सांचे है ये प्रतिपाला,
मेरे राम की तु जपले रे माला,
मिलेंगे तुझे हनुमाना।**bd।**

कलयुग में चाहो जो भव पार जाना,
राम भगत हनुमान को रिझाना,
इनसे बढ़के है भगत निराला,
मेरे राम की तु जपले रे माला,
मिलेंगे तुझे हनुमाना।**bd।**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

श्री राम की तू जपले रे माला,
मिलेंगे तुझे हनुमाना,
प्रभु राम की तू जपले रे माला,
मिलेंगे तुझे हनुमाना,
मिलेंगे तुझे हनुमाना,
श्री राम की तु जपले रे माला,
मिलेंगे तुझे हनुमाना।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com